मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : eanugya@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक / बी–5 / 2 / ई–अनुज्ञा / 2019–20 / 1256 भोपाल दिनांक 14 नवम्बर 2019

प्रति,

(1) संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल / नर्मदापुरम (होंशगाबाद) / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर /
चम्बल (मुरैना) / सागर / जबलपुर / रीवा (म0प्र0)

(2) सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
समस्त जिला समस्त (म0प्र0)

विषयः–''ई–अनुज्ञा'' पोर्टल कियान्वयन की मासिक समीक्षा सुनिश्चित करने संबंधी।

–0–

दिनांक 16 / 08 / 2019 से प्रदेश की समस्त कृषि उपज मण्डी समितियों में ई–अनुज्ञा पोर्टल का कियान्वयन किया जा रहा है जिसमें शतप्रतिशत ई–अनुज्ञा बनाये जा रहे हैं, इस हेतु आप नोडल अधिकारी एवं मण्डी के सचिव उप नोडल अधिकारी नियुक्त हैं एवं सुचारु संचालन कराने के लिये दायित्वपूर्ण हैं।

ई–अनुज्ञा पोर्टल का कियान्वयन आरम्भ हुये लगभग ढाई माह से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है, इस अवधि में आपके द्वारा अंचल की मण्डी समितियों में ई–अनुज्ञा कियान्वयन की समीक्षा / प्रगति पर अब तक प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि ई–अनुज्ञा पोर्टल पर अंचल कार्यालय के उपयोग हेतु यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड तैयार कर उपलब्ध कराये गये हैं।

अतः अंचल कार्यालयों में मण्डी समिति के सचिवों की प्रत्येक माह में आयोजित होने वाली मासिक समीक्षा बैठक के एजेण्डे में ई–अनुज्ञा पोर्टल कियान्वयन को स्थायी रुप से प्रमुखता के साथ शामिल कर अंचल की मण्डी समितियों के सचिव के साथ सुक्ष्म मासिक समीक्षा सुनिश्चित करें। यह कार्य चालू माह नवम्बर 2019 से ही प्रारम्भ किया जाये एवं मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में आयोजित होने वाली आंचलिक संयुक्त संचालकों / उप संचालकों की मासिक समीक्षा बैठक में मण्डीवार स्थिति का प्रतिवेदन साथ लेकर आना सुनिश्चित करें।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2019–20/1257 भोपाल दिनांक 14नवम्बर 2019

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) अपर संचालक (वित्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(03) श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(04) संयुक्त संचालक (नियमन)/सहायक संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल